# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
## Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांकः परीक्षा/ 1605
दिनांकः 16.01.2020

### विज्ञप्ति

माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार वार्षिक प्रणाली के अन्तर्गत संचालित संस्थागत एवं व्यक्तिगत पाठ्यक्रमों के ऐसे सन्दर्भित छात्र/छात्रायें जो केवल मुख्य परीक्षा–2019 की बैक पेपर परीक्षा के परीक्षा फार्म भरने से वंचित रह गये हैं अथवा ऐसे छात्र/छात्रायें जिन्होंने बैक पेपर परीक्षा–2019 का परीक्षा फार्म भरा परन्तु किसी कारणवश किसी भी कोड की परीक्षा में सम्मिलित नहीं हुये हों, ऐसे सन्दर्भित छात्र/छात्राओं को बैक पेपर परीक्षा का फार्म मुख्य परीक्षा–2020 के साथ भरने हेतु अनुमति प्रदान की गयी है।

ऐसे सन्दर्भित छात्र/छात्राओं को किसी भी दशा/परिस्थिति में री–बैक की अनुमति प्रदान नही की जायेगी। अर्थात् जो छात्र/छात्रायें पूर्व में बैक पेपर परीक्षा–2019 में किसी भी कोड (एक या अधिक) की परीक्षा में सम्मिलित हो चुके हैं, वे सन्दर्भित परीक्षा फार्म भरे जाने हेतु अर्ह नहीं होंगे।

उपरोक्त सन्दर्भित परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय की वेबसाईट **www.ccsuniversity.ac.in** एवं **www.ccsuweb.in** पर ऑनलाईन भरवाये जाने की तिथियाँ निम्नवत् है :–

| | | |
|---|---|---|
| 01. | छात्र/छात्राओं हेतु वेबसाईट पर ऑन–लाईन परीक्षा फार्म भरने की तिथि | **16.01.2020** |
| 02. | छात्र/छात्राओं द्वारा परीक्षा फार्म वेबसाईट पर ऑन–लाईन भरने एवं ऑन–लाईन परीक्षा शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि | **27.01.2020** |
| 03. | समस्त शैक्षणिक प्रमाण–पत्रों सहित परिपूर्ण परीक्षा फार्म महाविद्यालय/संस्थान में जमा करने की अन्तिम तिथि | **29.01.2020** |
| 04. | महाविद्यालयों/संस्थानों द्वारा परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में जमा करने की अन्तिम तिथि | **31.01.2020** |

**नोट :– मुख्य परीक्षा–2019 से पूर्व वर्षों में सम्मिलित अभ्यर्थी किसी भी दशा में मुख्य परीक्षा–2020 के साथ बैक पेपर परीक्षा फार्म भरे जाने हेतु अर्ह नहीं होंगे। यदि छात्र/छात्रा द्वारा किसी भी प्रकार से परीक्षा फार्म भर दिया जाता है तो वह स्वतः ही निरस्त माना जायेगा।**

16/01/2020
परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

01. प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि वो उक्त से सम्बन्धित छात्र/छात्राओं को अपने स्तर से अवगत कराने का कष्ट करें तथा बैक परीक्षा फार्म भली–भाँति जाँचोपरान्त ही परीक्षा विभाग को प्रेषित करने का कष्ट करें।
02. सचिव कुलपति को, माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ प्रेषित।
03. वैयक्तिक सहायक प्रति कुलपति को मा0 प्रति कुलपति जी के सूचनार्थ।
04. व्यैक्तिक सहायक वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी जी के सूचनार्थ।
05. वैयक्तिक सहायक कुलसचिव को, कुलसचिव जी के संज्ञानार्थ प्रेषित।
06. व्यैक्तिक सहायक परीक्षा नियंत्रक को, परीक्षा नियंत्रक जी के संज्ञानार्थ प्रेषित।
07. लेखाधिकारी को सूचनार्थ।
08. उप कुलसचिव/सहा0 कुलसचिव (गोपनीय/लेखा/सामान्य/कमैटी सैल/अति गोपनीय विभाग)।
09. समस्त अनुभाग प्रभारी, परीक्षा विभाग।
10. विश्वविद्यालय पूछताछ केन्द्र/सूचना पट।
11. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता।
12. प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाईट।
13. विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत कम्पनी, को इस आशय के साथ कि उपरोक्त सन्दर्भित परीक्षा फार्मों को विश्वविद्यालय नियमानुसार ही भरवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

16/01/2020
परीक्षा नियंत्रक